अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्र. 1, भोपाल
राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान परिसर,
शामला-हिल्स, भोपाल 462 002
**Tel.** 91(0755) 2661600-602, 607, 608,609 **Fax :** 2661996 **e-mail:** director@nitttrbpl.ac.in

# अर्धवार्षिक बैठक का कार्यवृत्त

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्र.-01 की, वर्ष 2022 की द्वितीय अर्धवार्षिक बैठक 21 दिसंबर, (बुधवार), 2022 को एन.आई.टी.टी.टी.आर, शामला-हिल्स, भोपाल में अपरान्ह 03:30 बजे आयोजित की गई |

बैठक में डॉ अजय सिंह, कार्यकारी निदेशक, एम्स, भोपाल, श्री यशवंत चिवंडे, उप महानिदेशक, आकाशवाणी भोपाल, श्री पी. जगन, निदेशक, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल, श्री लक्ष्मण सिंह, निदेशक, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, डॉ. मनोज कुमार कुर्मी, निदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भोपाल मंडल, श्री के.सी.झा, निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भोपाल, श्री चंद्रमौली शर्मा, उप-महानिरीक्षक, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बाल, भोपाल, सुश्री मृदुला त्रिपाठी, निदेशक, नवोदय विद्यालय, भोपाल एवं अन्य लगभग 70 केंद्र सरकार के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रधान एवं हिन्दी अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे |बैठक का संचालन श्रीमती शोभा लेखवानी, सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा किया गया |

## मद सं. 01 - नराकास अध्यक्ष, सदस्य कार्यालय प्रमुखों एवं राजभाषा अधिकारियों का स्वागत एवं परिचय

बैठक के आरम्भ में उपस्थित सभी केंद्र सरकार के कार्यालय-प्रमुख एवं हिन्दी अधिकारियों का स्वागत किया गया एवं इसके उपरांत सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति लेने के उपरांत बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ की गई |

बैठक का आरम्भ उपस्थित सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय-प्रमुखों एवं राजभाषा अधिकारियों के परिचय के साथ किया गया |

## मद सं. 02 - जुलाई, 2022 में आयोजित छःमाही बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि |

15 जुलाई, 2022 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त यथासमय सभी सदस्यों को प्रेषित किये जाने की जानकारी सदस्य सचिव ने सदन को दी एवं इस पर भारतीय खेल प्राधिकरण भोपाल की राजभाषा अधिकारी की कार्यवृत्त पर अपनी सहमति प्रकट की अन्य सभी से

अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्र. 1, भोपाल
राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान परिसर,
शामला-हिल्स, भोपाल 462 002
**Tel.** 91(0755) 2661600-602, 607, 608,609 **Fax** : 2661996 **e-mail:** director@nitttrbpl.ac.in

अभिमत/टिप्पणी दिए देने हेतु आमंत्रित किया गया | उपस्थित सदस्यो में से किसी भी सदस्य कार्यालय से टिप्पणी प्राप्त न होने पर माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई |

## मद सं. 03 - नराकास सदस्य सचिव द्वारा विभिन्न मुददों पर चर्चा

नराकास के छमाही बैठक में सचिव महोदया द्वारा इन मुददों पर भी चर्चा की गई:-

1. **<u>नराकास बैठक में कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति के सम्बन्ध में -</u>**

सदस्य सचिव ने कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति पर चर्चा करते हुए कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति को अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य बताया | क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निर्देश जारी किये जाते हैं, एवं **सभी सदस्य कार्यालयों को** इस संबंध में **पत्रों एवं ई-मेल द्वारा अवगत भी कराया जाता है**, कि **नराकास बैठक में कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति अनिवार्य है | अतः अगली बैठकों में कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति हेतु सचिव द्वारा पुनः अनुरोध किया गया |**

2. **<u>छमाही बैठक हेतु निर्धारित समयावधि के भीतर छमाही रिपोर्ट भेजे जाने पर चर्चा</u> -**

छमाही बैठकों में समीक्षा हेतु विचारणीय मुददे संबंधी छमाही रिपोर्ट बैठक के दस दिन पूर्व निर्धारित समयावधि के भीतर भेजे जाने का अनुरोध पुन: दोहराया गया | सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि हमेशा ही छमाही रिपोर्ट्स काफी देर से प्राप्त होती हैं और उनको संकलन करने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है |

3. **<u>राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के संबंध में चर्चा</u>**

राजभाषा के प्रयोग के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा की गयी एवं तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार कार्यालयों में कार्य किए जाने पर जोर दिया गया |

4. **तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन भरे जाने के संबंध में चर्चा** -

नराकास सचिव द्वारा तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन भरे जाने का सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया | सचिव ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी सभी सदस्य कार्यालयों को सूचना दी जा चुकी है, किन्तु फिर भी अभी तक कुछ सदस्य कार्यालय तिमाही रिपोर्ट नराकास कार्यालय को भी प्रेषित करते हैं | अत: तिमाही रिपोर्ट राजभाषा की वेबसाइट पर ही अपलोड करने का अनुरोध सभी से किया गया | कुछ कार्यालयों द्वारा अभी भी तिमाही रिपोर्ट सूचना प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से भेजे जाने हेतु पंजीकरण नहीं कराया गया है | उन सभी को इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई |

5. **अगली अर्धवार्षिक बैठक के स्थान निर्धारण के संबंध में**

सचिव द्वारा सदन के समक्ष आगामी अर्धवार्षिक बैठक का स्थल-निर्धारण करने हेतु प्रस्ताव रखा गया | इस प्रस्ताव पर अन्य किसी कार्यालय से स्वीकृति न मिलने पर अध्यक्ष महोदय की अनुमति से जुलाई 2023 में आगामी छमाही बैठक का आयोजन एन.आई.टी.टी.टी.आर, भोपाल में में करने की घोषणा की |

6. **"राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य प्रतियोगिता - 2022" के विजेता को चल-शील्ड प्रदान करना**

विगत वर्षों में कोरोना के कारण राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय को चल-शील्ड प्रदान किये जाने की प्रतियोगिता का आयोजन नहीं किया जा सका | वर्ष 2022 में पुन: चल-शील्ड प्रदान किये जाने हेतु सदस्य कार्यालयों से **राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य प्रतियोगिता** प्रविष्टयां आमंत्रित की गई | कुल 22 सदस्य कार्यालयों द्वारा प्राप्त प्रविष्टियों में से निर्णायक द्वारा **कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भोपाल को** विजेता घोषित किया गया | अध्यक्ष महोदय द्वारा विजेता की घोषणा की गयी | मंचासीन अध्यक्ष महोदय डॉ. चन्द्र चारू त्रिपाठी, संस्थान के अकादमिक एवं अनुसंधान अधिष्ठाता प्रो. सुब्रत रॉय एवं प्रो.पी.के पुरोहित द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम, भोपाल से पधारे श्री के.सी.झा, निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भोपाल, एवं श्री राजेंद्र टुडू जी को चल-

अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्र. 1, भोपाल
राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान परिसर,
शामला-हिल्स, भोपाल 462 002
**Tel.** 91(0755) 2661600-602, 607, 608,609 **Fax** : 2661996 **e-mail:** director@nitttrbpl.ac.in

शील्ड प्रदान कर उन्हें बधाई दी | बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि के साथ विजेता कार्यालय को बधाई प्रेषित की गई |

**मद सं. 04 - सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट की समीक्षा |**

प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन एवं आंकलन कर सदस्य सचिव द्वारा रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की गयी | इस बार रिपोर्ट में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार रिपोर्ट की समीक्षा हेतु नवाचार को अपनाया गया वो इस तरह कि - जिन कार्यालयों ने रिपोर्ट में चाही गयी जानकारी के अनुरूप श्रेष्ठ कार्य किया है उन्हें * चिन्ह, जिन्होंने बेहतर किया है उन्हें △ एवं जिन कार्यालयों को और बेहतर करने की आवश्यकता है उनको ▭ चिन्ह से परिभाषित किया गया ताकि सभी में श्रेष्ठ श्रेणी में कार्य करने का उत्साह जाग्रत हो सके एवं श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्यालयों से मार्गदर्शन भी प्राप्त हो |

इसी के अनुसार सदन के सम्मुख समीक्षा प्रस्तुत की गयी | सदन को सूचित किया गया कि भोपाल स्थित केंद्र सरकार के लगभग 48 कार्यालयों में से लगभग 36 कार्यालयों द्वारा छ:माही रिपोर्ट प्राप्त हुई | सभी सदस्य कार्यालयों से पुन: अनुरोध किया गया की बैठक में समय से अपने अपने कार्यालयों की छमाही रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें |

समीक्षा के दौरान जिन कार्यालयों की रिपोर्ट में राजभाषा के नियमों के पूर्ण पालन हेतु जहाँ भी सुधार की संभावना थी, उन्हें भविष्य में इस हेतु ठोस कदम उठाने के प्रयास करने को कहा गया ताकि राजभाषा के नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हो सके | सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छ:माही रिपोर्ट की समीक्षा कर अनिवार्य बिन्दुओं में सुधार करना, भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान रखना एवं राजभाषा के विकास, प्रचार एवं प्रसार कार्यो के सम्बन्ध में सुझाव प्रदान किए गए |

अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्र. 1, भोपाल
राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान परिसर,
शामला-हिल्स, भोपाल 462 002
**Tel.** 91(0755) 2661600-602, 607, 608,609 **Fax** : 2661996 **e-mail:** director@nitttrbpl.ac.in

**मद सं. 05 - अन्य सुझाव |**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से, राजभाषा हेतु मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के शत प्रतिशत परिणामों हेतु किये जा रहे प्रयासों के साथ साथ अन्य कुछ विशेष कार्य किए जाने हेतु सभी को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया | सदस्यों द्वारा दिए सुझाव इस प्रकार हैं :-

1. इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय से पधारे श्री सुधीर श्रीवास्तव द्वारा सुझाव दिया गया कि बैठक वाले दिन ही सदस्य कार्यालयों से राजभाषा अधिकारियों के लिए एक आधे दिन की कोई हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिए, ताकि सभी राजभाषा अधिकारी आपस में मिल भी सकें एवं किसी राजभाषा के विषय का ज्ञान भी प्राप्त हो सके एवं बैठक के समय पर कार्यालय प्रमुख उपस्थित हों एवं बैठक हो सके |
2. सदस्य सचिव द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि एन.आई.टी.टी.आर, भोपाल के स्थापना दिवस **7 अप्रेल** पर दो दिवसीय **हिंदी सम्मलेन** का आयोजन 6 एवं 7 अप्रेल, 2023 को करने जा रहा है | इसका विषय है - "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : भारतीय ज्ञान परंपरा एवं भारतीय भाषाओं का समावेश" | इसमें सभी नराकास सदस्य कार्यालयों से प्रतिभागी नामित किए जा सकते हैं |
3. एक सदस्य द्वारा नराकास स्तर पर हिन्दी प्रतियोगिताएँ कराए जाने का भी सुझाव दिया गया |

**मद सं. 06 - पिछली बैठक में प्राप्त सुझाव एवं कार्रवाई की रिपोर्ट**

विगत बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा मुख्य रूप से कार्यशालाएं आयोजन के सम्बन्ध में सुझाव दिया कि यदि कोई सदस्य कार्यालय कार्यशालाएं आयोजित नहीं कर पाते हैं तो वे अन्य सदस्य कार्यालयों के साथ मिलकर संयुक्त कार्यशालाएं आयोजित कर सकते हैं | इस सम्बन्ध में सदस्य सचिव द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि संयुक्त कार्यशाला हेतु किसी सदस्य कार्यालय का अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है, किन्तु उनके अपने कार्यालयों में विषय विशेषज्ञ के रूप में हमारे संस्थान के संकाय सदस्यों एवं नराकास के सदस्य कार्यालयों के द्वारा भी योगदान प्रदान किया है |

# अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय क्र. 1, भोपाल

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान परिसर,

शामला-हिल्स, भोपाल 462 002

**Tel.** 91(0755) 2661600-602, 607, 608,609 **Fax :** 2661996 **e-mail:** director@nitttrbpl.ac.in


अंत में अध्यक्षीय उद्‌बोधन में अध्यक्ष महोदय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम साझा प्रयासों एवं सहयोग से राजभाषा से जुड़े कार्य एवं गतिविधियों को कागजी लक्ष्यों तक सीमित न रखे वरन उन्हें प्राथमिकता देते हुए गति प्रदान करें एवं राजभाषा कार्यों को पूर्ण मनोयोग से करने हेतु कटिबद्ध हैं |

इसी के साथ अध्यक्ष महोदय ने सभी से मिलकर राजभाषा के संवर्धन हेतु एकजुट होकर कार्य करने का अनुरोध किया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बैठक के दौरान सभी से मित्रता, परिचय की प्रगाढ़ता बढ़ती है एवं नराकास की बैठकों के माध्यम से ही सारगर्भित चर्चा एवं प्रशासनिक निर्णय लिए जाने संभव होते हैं व उनके दीर्घ अनुभवों का सभी सदस्यों को लाभ भी प्राप्त होता है व केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन भी होता है |

**मद सं. 06 - सदस्य सचिव द्‌वारा धन्यवाद ज्ञापन**

अंत में केंद्रीय कार्यालयों से उपस्थित सभी कार्यालय प्रमुखों, हिन्दी अधिकारियों व अन्य उपस्थित हिन्दी सेवियों का बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं अध्यक्ष महोदय के मार्गदर्शन अनुसार राजभाषा के अधिकतम उपयोग, प्रचार एवं प्रसार तथा मंत्रालय द्‌वारा निर्धारित राजभाषा के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहने का विश्वास दिलाया | सचिव द्‌वारा नराकास की ओर सभी को पुन: धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय जी की अनुमति से बैठक समाप्त घोषित की गई |

(श्रीमती शोभा लेखवानी)
सदस्य सचिव

(डॉ.चन्द्र चारू त्रिपाठी)
अध्यक्ष